

विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF
**POWER**

सत्यमेव जयते


# साप्ताहिक सूचना पत्र

दिनांक 22.08.2026 से 28.08.2026



## श्री मनोहर लाल

माननीय केंद्रीय विद्युत तथा आवासन
एवं शहरी कार्य मंत्री



विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF
**POWER**


सत्यमेव जयते

**27 अगस्त, 2026**

# बीते हफ्ते अधिकतम बिजली मांग 258.27 गीगावाट, बिजली आपूर्ति पर्याप्त

नीचे दिया गया चार्ट 21 अगस्त से 27 अगस्त, 2026 तक प्रतिदिन पूरी की गई अधिकतम बिजली मांग और दर्ज की गई बिजली की कमी को दर्शाता है।









## साप्ताहिक अधिकतम मांग के समय कुल विद्युत उत्पादन

| Generation source | Generation (GW) | Share of Total generation (%) |
|---|---|---|
| Gas / Liquid fuel | 2.0 | 0.7% |
| Hydro | 25.3 | 9.6% |
| Nuclear | 5.7 | 2.2% |
| Coal and Lignite | 145.2 | 55.1% |
| Wind | 26.9 | 10.2% |
| Solar | 53.8 | 20.4% |
| Storage (PSP&BESS) | 1.0 | 0.4% |
| Others | 1.8 | 0.7% |
| Transnational Exchange* | 1.8 | 0.7% |
| TOTAL | 263 | 100.0% |

*Difference between total generation and demand-met is transmission losses into the system.*




अखिल भारतीय स्तर पर पूरी की गई अधिकतम बिजली मांग और ऊर्जा खपत में वृद्धि (पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में) क्रमशः 17.8% और 17.9% दर्ज की गई।

**25 अगस्त, 2026**

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने पूर्वोत्तर राज्यों को बिजली अवसंरचना सुदृढ़ करने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया

माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने पूर्वोत्तर राज्यों को क्षेत्र की बिजली अवसंरचना को सुदृढ़ करने तथा दूरदराज के क्षेत्रों सहित प्रत्येक नागरिक तक विश्वसनीय और किफायती बिजली पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।





श्री मनोहर लाल ने मेघालय के विद्युत मंत्री एवं एनईआरपीसी के अध्यक्ष श्री मेतबाह लिंगदोह, अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री चाउना मीन तथा मिजोरम के विद्युत मंत्री श्री एफ. रोडिंगलियाना से मुलाकात कर पूर्वोत्तर राज्यों के बिजली क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

नई दिल्ली में आयोजित बैठक के दौरान मंत्रियों ने पूर्वोत्तर के दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में ट्रांसमिशन अवसंरचना के विकास से जुड़ी चुनौतियों और अधिक लागत का उल्लेख करते हुए भारत सरकार से वित्तीय सहायता का अनुरोध किया। श्री मनोहर लाल ने राज्यों से अपनी आवश्यकताओं का विस्तृत विवरण देते हुए विशिष्ट प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा और आश्वासन दिया कि विद्युत मंत्रालय इन प्रस्तावों की शीघ्रता से जांच करेगा।

राज्यों ने ग्रिड की विश्वसनीयता बढ़ाने और नवीकरणीय ऊर्जा के अधिक समावेशन को सुगम बनाने के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों (BESS) हेतु भी सहयोग का अनुरोध किया। माननीय केंद्रीय मंत्री ने राज्यों से इस संबंध में अपनी आवश्यकताएं मंत्रालय को विचारार्थ प्रस्तुत करने को कहा।

श्री मनोहर लाल ने राज्यों को बिजली आपूर्ति की लागत के अनुरूप विद्युत शुल्कों का युक्तिकरण करने की भी सलाह दी तथा वितरण प्रणालियों को मजबूत करने और एटीएंडसी हानियों को कम करने के प्रयासों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया।



सत्यमेव जयते

विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF
**POWER**

**26 अगस्त, 2026**

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ बिजली क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर की चर्चा

माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने नई दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की और असम के बिजली क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक में राज्य की दीर्घकालिक बिजली आवश्यकताओं, केंद्रीय विद्युत उत्पादन स्टेशनों से बिजली आवंटन के युक्तिकरण, गुवाहाटी में भूमिगत केबलिंग के माध्यम से वितरण अवसंरचना को सुदृढ़ करने तथा गैस आधारित बिजली उत्पादन के लिए प्राकृतिक गैस के इष्टतम उपयोग और मूल्य निर्धारण सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने बैठक के दौरान कुछ प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त की तथा शेष मुद्दों पर शीघ्र विचार किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने असम की बिजली अवसंरचना को सुदृढ़ करने और राज्य की बढ़ती विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत सरकार के पूर्ण सहयोग को दोहराया।





# EESL ने आंध्र प्रदेश में 112 यूएलबी के साथ समझौते कर स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग परियोजना को आगे बढ़ाया

ईईएसएल ने आंध्र प्रदेश के नगर प्रशासन एवं विकास आयुक्तालय (CDMA) तथा संबंधित शहरी स्थानीय निकायों (ULBs) के साथ त्रिपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इंटेलिजेंट लाइटिंग मैनेजमेंट (ILM) आधारित स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग परियोजना के क्रियान्वयन के लिए चिन्हित 123 यूएलबी में से 112 के साथ त्रिपक्षीय समझौते सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं।

हस्ताक्षरित समझौते ILM आधारित स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग परियोजना के कार्यारंभ और क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इस प्रणाली के माध्यम से प्रत्येक स्ट्रीट लाइट की दूरस्थ रूप से निगरानी और प्रबंधन किया जा सकेगा।

| S.No | Region | Signed | Total |
|---|---|---|---|
| 1 | Guntur | 29 | 33 |
| 2 | Rajahmundry | 31 | 34 |
| 3 | Anthapurama | 38 | 42 |
| 4 | Visakhapatnam | 14 | 14 |
| Total | | 112 | 123 |

शेष 11 यूएलबी में समझौतों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है। यह समझौता आंध्र प्रदेश सरकार के नगर प्रशासन एवं विकास आयुक्तालय (CDMA) के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकायों में 7.5 लाख स्मार्ट एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने के आदेश का हिस्सा है।

**27 अगस्त, 2026**

# स्मार्ट मीटर प्रौद्योगिकी में REC LTD देशभर के 2,300 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करेगा

REC Limited की CSR पहल के तहत REC Foundation ने युवाओं और कुशल श्रमिकों के कौशल विकास एवं प्रमाणन के लिए Power Sector Skill Council (PSSC) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoA) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह पहल विकसित भारत के लिए एक कुशल और आत्मनिर्भर कार्यबल तैयार करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।




इस पहल के अंतर्गत 2,300 अभ्यर्थियों को कौशल प्रशिक्षण और प्रमाणन के माध्यम से सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम अभ्यर्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल और उनकी मौजूदा दक्षताओं की औपचारिक मान्यता प्रदान करेगा, जिससे रोजगार और आजीविका के अवसरों के लिए उनकी तैयारियों को और सुदृढ़ किया जा सकेगा।

विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF
POWER

सत्यमेव जयते

# NPTI -HLTC ने पांच सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से स्विचयार्ड रखरखाव कौशल को किया सुदृढ़

राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान–हॉट लाइन प्रशिक्षण केंद्र (NPTI-HLTC), बेंगलुरु, कर्नाटक ने 26वें पांच-सप्ताह के स्विचयार्ड रखरखाव प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया।



20 जुलाई, 2026 को शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में KPTCL, GETCO, TSTRANSCO और APTRANSCO के कुल 27 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

पांच सप्ताह के इस कार्यक्रम में व्यापक सैद्धांतिक सत्र, एनपीटीआई के 220 केवी प्रशिक्षण यार्ड में व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा KPTCL और POWERGRID के परिचालनरत उपकेंद्रों में फील्ड प्रशिक्षण शामिल था। प्रशिक्षुओं को विभिन्न वोल्टेज स्तरों पर स्विचयार्ड रखरखाव तकनीकों, सुरक्षा पद्धतियों, रखरखाव व्यवस्थाओं और विभिन्न उपकरणों के उपयोग का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।


# DVC ने विभिन्न फील्ड इकाइयों में सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के लिए NSC के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

दामोदर घाटी निगम (DVC) ने अपनी विभिन्न फील्ड इकाइयों में सशक्त सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य पूरे संगठन में "सेफ्टी फर्स्ट और जीरो इंसिडेंट" की मजबूत सोच को स्थापित करना है।




यह साझेदारी कार्यस्थल पर सुरक्षा पद्धतियों को बेहतर बनाने, जागरूकता बढ़ाने और लक्षित सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर केंद्रित होगी। दोनों संगठनों ने जोखिम-मुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल में निरंतर सुधार की दिशा में कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

यह समझौता डीवीसी के उस मूल दर्शन को और मजबूत करता है कि सुरक्षा केवल एक परिचालन प्राथमिकता नहीं, बल्कि एक साझा जिम्मेदारी है। इसका उद्देश्य पूरे दामोदर घाटी क्षेत्र में अधिक सुरक्षित कार्य वातावरण का निर्माण करना है।


विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF
POWER
सत्यमेव जयते
Office of
Manohar Lal
Hon'ble Union Minister of Housing & Urban Affairs and Power